**BEFORE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**
**PRINCIPLE BENCH, (DELHI)**
**O.A NO. 236 OF 2022**

**IN THE MATTER OF:**

**IN RE:** News report published in the Newspaper named Indian Express, Daily News Paper dated: 4th February 2022, Kolkata, Late City Edition titled "**Noncompliance of EC conditions by Kulda coal mine, Odisha & Tamnar Therman Plant, Chhattisgarh"**

**INDEX**


| S. NO. | PARTICULARS | PAGE NO. |
|---|---|---|
| 1. | Latest Progress Report regarding road construction | 1-5 |


FILED BY:


ASL PARTNERS
(Advocates for CECB)
H-29, FIRST FLOOR
JANGPURA EXTENSION
NEW DELHI- 110014
EMAIL: admin@aslpartners.in
Mob no.: 9899272882

LiFE Lifestyle for Environment

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर – 19,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) 492002
Email - hocecb@gmail.com

क्रमांक 2530 /मु./तक./छ.ग.प.सं.मं./2023 नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, दिनांक 13/7 /2023

प्रति,

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी,
मुख्य सचिव सचिवालय,
महानदी भवन,
नवा रायपुर अटल नगर,
जिला–रायपुर (छ.ग.)

विषय :– माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली में विचाराधीन प्रकरण ओ.ए. कमांक – 236/2022 News report published in the Newspaper named Indian Express, Daily News Paper dated : 4th February, 2022, Kolkata, Late City Edition titled "Non compliance of EC conditions by Kulda Coal Mine, Odisha & Tamnar Thermal Plant, Chhattisgarh". में पारित आदेश दिनांक 12/01/2023 के परिपालन के संबंध में।

संदर्भ :– कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायगढ़ का पत्र कमांक 1042 दिनांक 12/07/2023

—::00::—

उपरोक्त विषयांतर्गत माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली में विचाराधीन प्रकरण ओ.ए. कमांक – 236/2022 News report published in the Newspaper named Indian Express, Daily News Paper dated : 4th February, 2022, Kolkata, Late City Edition titled "Non compliance of EC conditions by Kulda Coal Mine, Odisha & Tamnar Thermal Plant, Chhattisgarh". में पारित आदेश दिनांक 12/01/2023 के परिपालन के संबंध में कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त संदर्भित पत्र के अवलोकन का कष्ट करें। पत्र की छायाप्रति संलग्न है। कुल्दा (उड़ीसा) से तमनार सड़क मार्ग छत्तीसगढ़ राज्य के भाग (तमनार से हुकराडीपा, धौंराभाटा होकर हमीरपुर चौक) मार्ग की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण संयुक्त समिति द्वारा दिनांक 11/07/2023 को किया गया है। निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार (1) तमनार से हमीरपुर चौक (उड़ीसा सीमा) की कुल दूरी 19 किलोमीटर है। (2) तमनार से हुकराडीपा तक मार्ग की लम्बाई 4.6 किलोमीटर है, जिसके 3.3 किलोमीटर में डमरीकरण तथा 1.3 किलोमीटर में सीमेंट कांकीट रोड निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जिसमें 01 लेन सकड़ का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा दूसरे लेन का कार्य अक्टूबर 2023 तक पूर्ण करने एवं 3.3 किलोमीटर डामरीकरण कार्य नवम्बर 2023 तक पूर्ण करने का लेख किया गया है। (3) हुकराडीपा से धौंराभाटा होते हुए हमीरपुर चौक तक कुल लम्बाई 14.4 किलोमीटर है, जिसमें से 12.4 किलोमीटर मार्ग अच्छी स्थिति में है तथा ग्राम लमडांड से हमीरपुर चौक तक 02 किलोमीटर क्षतिग्रस्त सड़क में से 1.8 किलोमीटर का





Scanned with OKEN Scanner

निर्माण कार्य किया गया है एवं शेष 200 मीटर मार्ग में मरम्मत कार्य प्रगति पर है। (4) सड़क किनारे के विद्यालयों एवं चिकित्साल्यों में डस्ट का जमाव नहीं पाया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रकरण कमांक ओ.ए. 236/2022 में माननीय एनजीटी के आदेश दिनांक 12/01/2023 के पालनार्थ दिनांक 04/05/2023 को एक्शन टेकन रिपोर्ट(ATR) प्रेषित की गई है। प्रकरण पर माननीय एनजीटी के आदेश दिनांक 15/05/2023 के अनुसार सुनवाई की अगली तिथि 19/07/2023 को नियत है। कृपया वस्तुस्थिति से मुख्य सचिव महोदय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

O/C

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायगढ़

जावकक्र 1052/कार्या. कले./एनजीटी/2023 रायगढ़, दिनांक 12/07/23

प्रति,

अपर मुख्य सचिव
आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन,
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

विषयः– माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली में विचाराधीन प्रकरण ओ.ए.क्रमांक 236/2022 – News report published in the Newspaper named Indian Express, Daily paper dated : 4th February, 2022 , Kolkata Late City Edition titled "Non compliance of EC conditions by Kulda coal mine, Odisha & Tamnar Thermal Plant, Chhattisgarh. में पारित आदेश दिनांक 12/01/2023 के परिपालन के संबंध में।

संदर्भः– छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर का पत्रक्रमांक 2222 दिनांक 06/07/2023.

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के परिपेक्ष्य में लेख है कि कुल्दा (उड़ीसा) से तमनार सड़क मार्ग छत्तीसगढ़ राज्य के भाग (तमनार से हुकराडीपा, धौंराभाटा होकर हनीरपुर चौक) मार्ग की वर्तमान स्थिति हेतु संयुक्त समिति द्वारा दिनांक 11.07.2023 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न कर अग्र एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया प्रेषित है।

Taran

कलेक्टर,
जिला रायगढ़

पृ.क्र 1053 /कार्या. कले./एनजीटी/2023 रायगढ़, दिनांक 12/07/23

प्रतिलिपिः– सदस्य सचिव, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) की ओर कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

Taran

कलेक्टर,
जिला रायगढ़

o/c

Scanned with OKEN Scanner

# संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदन



दिनांक :- 11/07/2023

निरीक्षणकर्तागण :-

1. श्रीमती ऋषा ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी घरघोडा, जिला–रायगढ़
2. श्री दुष्यंत कुमार रायस्त, जिला परिवहन अधिकारी, जिला–रायगढ
3. श्री अंकुर साहू, क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला–रायगढ़
4. श्री एम.एस. नायक, अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उप संभाग, जिला–रायगढ़
5. श्री बबलू पाण्डेय, खनि निरीक्षक, जिला–रायगढ़

विषय :- O.A. No. 236/20222- News report published in Newspaper named Indian Express, Daily paper dated : 4th February, 2022, Kolkata Late City Edition titled "Non compliance of EC conditions by Kulda Coal Mine, Odisha & Tamnar Thermal Plant, Chhattisgarh.

संदर्भ :-

1. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली में विचाराधीन प्रकरण ओ.ए. क्र. 236/2022 में पारित आदेश दिनांक 12.01.2023.
2. माननीय मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 19.01.2023 के परिपेक्ष्य में आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक एफ–04–36/2022/32 दिनांक 10/01/2023
3. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ का जावक पत्र क्रमांक 2105/क्षे.का./प.सं.मं./2023 दिनांक 18.01.2023.
4. सदस्य सचिव, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर का पत्र क्रमांक 2222 दिनांक 06.07.2023.

—00—

आज दिनांक 11.07.2023 को माननीय एन.जी.टी. में विचाराधीन प्रकरण ओ.ए. क्रमांक 236/2022 के संदर्भ में तमनार से हुकराडीपा धौंराभांठा होकर हमीरपुर चौक तक का निरीक्षण कलेक्टर जिला रायगढ़ द्वारा गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति द्वारा किया गया। तमनार से कुल्डा माईन्स (उड़ीसा) तक की कुल दूरी 43 कि.मी. है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत तमनार से हमीरपुर चौक (उड़ीसा सीमा) तक की दूरी 19.00 कि.मी. है। तमनार से हुकराडीपा तक का मार्ग लंबाई 4.60 कि.मी. सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. के अंतर्गत स्वीकृत मार्ग पूंजीपथरा–तमनार–हुकराडीपा से मिलूपारा कुल लंबाई 26.00 कि.मी. अंतर्गत आता है, जिसमें 4.60 कि.मी. में से 3.3 कि.मी. डामरीकरण एवं 1.3 कि.मी. सीमेंट कांक्रीट रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसमें 01 लेन सड़क का निर्माण पूर्ण किया गया है तथा दूसरे लेन का कार्य अक्टूबर 2023 तक पूर्ण करने एवं 3.3 कि.मी. डामरीकरण कार्य नवम्बर 2023 तक पूर्ण होना बताया गया है। सड़क निर्माण कार्य के दौरान उत्पन्न फ्यूजिटिव डस्ट के नियंत्रण के लिये जल छिड़काव किया जाना पाया गया।

हुकराडीपा चौराहे से धौंराभांठा होकर हमीरपुर चौक (उड़ीसा सीमा) तक की शेष मार्ग की कुल दूरी 14.40 कि.मी. है। निरीक्षण में हमीरपुर चौक से लमडांड गांव के मध्य लगभग 2.0 कि.मी. क्षतिग्रस्त सड़क में से 1.8 कि.मी. का निर्माण कार्य किया गया है तथा शेष 200 मीटर मार्ग में मरम्मत कार्य प्रगति पर है। ग्राम हमीरपुर एवं लिबरा के दोनो तरफ 6–6 मीटर की चौड़ाई में आ रही निजी भूमि को भू–अर्जन किये जाने हेतु भू–अर्जन प्रकरण तैयार करने बाबत् अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग, रायगढ़ द्वारा दिनांक 17.05.2023 को तहसीलदार तमनार, जिला–रायगढ को पत्र प्रेषित किया गया है। हमीरपुर चौक से लमडांड गांव के मध्य क्षतिग्रस्त मार्ग में परिवहन के दौरान हल्का डस्ट उत्सर्जन होना पाया गया। शेष 12.40 कि.मी. सड़क की स्थिति अच्छी पाई गई। निरीक्षण के दौरान शेष 14.20 कि.मी. सड़क में कोयला/डस्ट का जमाव होना नहीं पाया गया। क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। सड़क किनारे गांव एवं शिक्षण संस्थान/चिकित्सालय के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है :-

Scanned with OKEN Scanner

| ग्राम | शिक्षण/चिकित्सा संस्थान | अद्यतन स्थिति की जानकारी |
|---|---|---|
| लमडांड | 1. आंगनबाड़ी क्रं.–2<br>2.शा0प्रा0 शाला/मिडिल स्कूल | परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति नही पाई गई। |
| खुरूसलेंगा | आंगनबाड़ी केन्द्र | परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति नही पाई गई। |
| धौंराभांठा | शा0उ0मा0 विद्यालय | परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति नही पाई गई। |
| झिंकाबहाल | जे0पी0एल0 हास्पिटल | परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति नही पाई गई। |
| लिबरा | आदर्श ग्राम्य भारती विद्या मंदिर | परिसर एवं आस–पास के क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति नही पाई गई। |

तमनार से हमीरपुर चौक (उड़ीसा सीमा) मार्ग के निरीक्षण में कोयले का परिवहन तारपोलिन से ढके हुये वाहनों से किया जाना पाया गया। सड़क पर एवं सड़क के किनारों पर स्थित पेड़ों एवं भवनों पर भी कोल डस्ट का जमाव नहीं होना पाया गया। निरीक्षण के दौरान लिये गये फोटोग्राफ्स संलग्न है।

(बबलू पाण्डेय)
खनि निरीक्षक,
जिला–रायगढ़

(एम.एस. नायक)
अनुविभागीय अधिकारी,
लोक निर्माण विभाग,
उप संभाग,
जिला–रायगढ़

(अंकुर साहू)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्या. संरक्षण मंडल
जिला–रायगढ़

(दुष्यंत कुमार रायस्त)
जिला परिवहन
अधिकारी,
जिला–रायगढ़

(ऋषि ठाकुर)
अनुविभागीय
दण्डाधिकारी
घरघोडा,
जिला–रायगढ़

Scanned with OKEN Scanner